तापमान
अधिकतम 33.2 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, सोमवार 23 जून 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

14 97 यूनिट रक्त एकत्रित, रक्तदाताओं को मिला ...



14 योग के शारीरिक, मानसिक और आत्मिक ...




# फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा युवको के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर...

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कमर्चारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कागो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की




संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक - गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)** Advt.


## खबर संक्षेप

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार बुजुर्ग घायल

**महासमुंद**। ट्रक की टक्कर से बाइक चला रहे एक बुजुर्ग को चोटें हैं। जिन्हें रायपुर के निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया है। पुलिस ने बताया कि 17 जून की सुबह 10:30 बजे चंदूलाल साहू ( 65 साल) निवासी इमलीभाठा महासमुंद, अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 डीजेड 0127 से बिरकोनी जा रहे थे। एनएच 53 बरबसपुर मोड़ के पास सामने से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 06 जीजी 8977 के चालक अपने वाहन को तेजी व लापरवाहीपूर्वक चलाकर ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया है, जिन्हे उपचार हेतु रायपुर के निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### मारपीट के मामले में जुर्म दर्ज



**महासमुंद**। ग्राम कोना में गाली देने से मना करने पर मारपीट की घटना हो गई। कोतवाली पुलिस को महेंद्र कुमार चंद्राकर ग्राम कोना ने बताया कि 21 जून की शाम लगभग 5 बजे वह अपने घर के बाहर खड़ा हुआ था, उसी समय प्रियांशु पटेल गाली गलौज करते हुए जा रहा था जिसे उसने मना किया। तब आरोपी प्रियांशु पटेल ने तुम कौन होते हो मना करने वाले कहते हुए गाली देते हुए हाथ-मुक्का से मारपीट की, जिससे उसके सिर और दाहिने आंख के पास चोट लगी। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### जमीन विवाद को लेकर मारपीट

**महासमुंद**। जमीन विवाद के चलते हुई मारपीट की घटना में तुमगांव थाने में आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी धनुष निवासी ग्राम कुकराडीह ने बताया कि जमीन विवाद को लेकर बात करने अपने रिश्तेदार गंगु दीवान के पास गया था। वहां से वापस आने के दौरान गांव के दुर्गा चौक के पास शाम करीबन 7 बजे गंगू दीवान का लड़का गौरव दीवान आया और गाली गुप्तार करते हुए मारपीट किया। मामले में आरोपी के खिलाफ 115(2), 296 के अंतर्गत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### एक्सीडेंट में एक की मौत

**महासमुंद**। बाइक की टक्कर से घायल एक व्यक्ति की मौत हो गई। मामला सिंघोड़ा थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि नंदलाल डडसेना निवासी तिहारीपाली ने रिपोर्ट लिखाई है कि उसका भाई श्यामलाल डडसेना पिता कृष्णो डडसेना (45 वर्ष)तिहारीपाली अपनी बाइक से परसकोल से ग्राम तिहारीपाली आ रहा था। गोविंद रोड तिहारीपाली के पास पहुंचने पर पीछे से एक मोटर साइकिल के चालक ने पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। मेरे भाई को एक्सीडेंट से गंभीर चोट लगने पर उसे ईलाज हेतु शासकीय अस्पताल सरायपाली लेकर गये, जहां डॉक्टर द्वारा चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है।

# सफाई कर्मी हड़ताल पर, छात्र साफ कर रहे स्कूल में जमा कचरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- संभाग स्तरीय धरना प्रदर्शन आज, भाजपाई वादाखिलाफी से बिफरे कर्मी सौंपेंगे विधायक को ज्ञापन

शिक्षा चाहिए तो सफाई भी करनी होगी। क्या स्कूल आने वाले छात्रों को यह कहा जा रहा? क्या यही कारण है कि जिले भर में सफाई कर्मियों की हड़ताल के चलते स्कूलों में ऐसी तस्वीर सामान्य हो गई है? बता दें कि स्कूल खुलने के साथ ही अपनी मांगों को लेकर सफाई कर्मी हड़ताल पर चले गए हैं। अब शिक्षक तो स्कूल की सफाई करने से रहे, ऐसे में स्कूली छात्रों के हाथों में पहले दिन से झाड़ू थमा दिया गया है। बता दें कि स्कूली सफाई कर्मियों के हड़ताल पर जाने के बाद से न तो उनकी मांगों पर कोई बातचीत हुई और न ही सफाई के लिए विभाग द्वारा कोई पहल करते हुए निर्देश जारी हुए।





तस्वीर में नजर आ रहे नौनिहाल उसी स्कूल के छात्र है जहां के परिसर और शौचालय की सफाई करते नजर आ रहे हैं। यह तस्वीर सफाई कर्मचारी संघ के व्हाट्सएप ग्रुप में वायरल तस्वीरें हैं।



### मांगों को लेकर स्कूल सफाई कर्मचारी संघ सौंपेंगे ज्ञापन

सफाई कर्मियों को स्कूलों में केवल 2 घंटे साफ सफाई करना है। परंतु अधिकांश स्कूलों में भृत्य, चपरासी नहीं होने के कारण उनके सभी काम कर्मचारियों को करना पड़ता है। काम के एवज में केवल प्रतिमाह 3000 से 3400 मानदेय भुगतान किया जाता है, जो कि इस महंगाई भरे दौर में इतने कम रुपए में अपने परिवार का पालन पोषण नहीं कर पाते हैं। संघ की मांगों को लेकर पिछले 15 वर्षों से मांग करते आ रहे हैं।

### वादाखिलाफी से उपजा आक्रोश

संभाग अध्यक्ष श्यामरतन सागर ने बताया कि 2023 के विधानसभा चुनाव के पूर्व भाजपाई घोषणा पत्र में 50 प्रतिशत वेतन वृद्धि और संघ की मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया था, जो कि आज पर्यंत तक पूरा नही किया गया। इससे सफाई कर्मियों में सरकार के प्रति आक्रोश व्याप्त है। इसी के चलते रायपुर संभाग यानी महासमुंद, धमतरी, गरियाबंद, बलौदाबाजार, रायपुर जिले के कर्मी 24 जून को धरना प्रदर्शन कर रैली निकालेंगे और विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा को संगठन द्वारा ज्ञापन सौंपेंगे।

### 15 साल की नौकरी में मिल रहा 3 हजार

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में 15 वर्षों से 43301 कर्मचारी काम कर रहे है। उनको प्रतिमाह करीब 3 हजार रुपए मानदेय दिया जा रहा है। कई सफाई कर्मी इसके अलावा दूसरा काम नहीं करते। इसलिए इतने कम रुपए में उनको परिवार चलाना मुश्किल हो रहा है। सफाई कर्मचारियों से स्कूल में चपरासी का काम भी कराया जाता है।

## समस्या : आषाढ़ माह में बारिश नहीं होने से किसान चिंतित, निंदाई में होगी देरी

# बारिश का अभाव, खेतों में मताई के लिए मोटर पंप का ले रहे हैं सहारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में अब तक अच्छी बारिश की दरकार है। अब तक बारिश नहीं होने के चलते किसानों को अपने मोटर पंप के सहारे जैसे-तैसे बुआई करनी पड़ रही है एवं आने वाले दिनों में अच्छी बारिश होने की आस लगा रहे है। जिले में रविवार को दिन भर आसमान में बादल छाए रहे। लेकिन, बारिश नहीं हुई। हल्की हवा चलने से मौसम सुहाना बना रहा। रविवार को अधिकतम 33 और न्यूनतम 26 डिग्री तापमान रहा।

पखवाड़े भर पहले हुई बारिश से किसानी काम तेजी आ गई थी। खेतों में बोआई कार्य लगभग पूरा होने वाला है क्षेत्र के कई कृषकों द्वारा बोआई भी पूर्ण हो चुकी है। किंतु विगत दिनों से बारिश नहीं होने से किसानों को बोई गई फसल की चिंता हो रही है। किसानों के



अनुसार खेतों धान निकल आएं हैं मगर दोपहर में मौसम अनुकूल नहीं होने से यह धान के पौधों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। जानकारों के अनुसार अगर एक-दो दिन में



बारिश नहीं हुई तो किसान को भारी नुकसान होने की संभावना है।

कृषकों ने बताया कि अगर मौसम में परिवर्तन नहीं हुआ और तापमान बढ़ता ही गया तो धान के पौधे सूखने लगेंगे।

### बारिश नहीं हुई तो सूख जाएंगे पौधे

किसानों की माने तो अगर आने वाले दिनो में बारिश नहीं हुई तो पहले से बोवाई किये धान के पौधे सूख सकते है। जिससे आने वाले दिनों में धान चलाई में समस्या आएगी एवं धान के पौधे के लिए मशक्कत करनी पड़ेगी।

### बचे बोवाई के लिए मोटर पंप बना सहारा

ग्राम बम्हनी के किसान कमलेश साहू ने बताया है कि पहले हुए बारिश से खुर्रा बोनी कर चुके है लेकिन अब मताई करने के लिए मोटर पंप के सहारे जैसे तैसे बोवाई का कार्य को पूर्ण करने में जुटे हुए है नहीं तो आने वाले दिनो में धान चलाई एवं निंदाई पिछड़ जायेगी।

## हाइवे में पलटा 108 एंबुलेंस, सवार 9 लोगों में दो की हालत गंभीर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सरायपाली के झिलमिला ग्राम से मरीज को लेकर रायपुर जा रही एंबुलेंस दुर्घटना का शिकार हो गई। शनिवार रात कोडार जलाशय के पास स्थित काष्टागार के पास हुए इस हादसे में वाहन में सवार 9 लोगों को चोटें आई हैं।

मिली जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार वाहन अचानक किसी मवेशी को बचाने के फेर में अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के बाद 112 पुलिस वाहन की सहायता से सभी घायलों को महासमुंद जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां घायलों का इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग और पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। वाहन में सद्दाम हुसैन (35 वर्ष), कुसमुन (30 वर्ष), साजिया, शामिया (3 वर्ष), हुसैन (25 वर्ष), जासमीन (20 वर्ष) नवजात शिशु, चालक सचिन पटेल, चिकित्सक डॉ. ओमप्रकाश सवार थे। घटना को लेकर प्रशासन ने जांच के आदेश दे दिए हैं। पता लगाया जाएगा कि दुर्घटना का कारण तेज रफ्तार, तकनीकी खराबी या लापरवाही तो नहीं है।

## जेल में हुई युवक की मौत मामले में हाईकोर्ट ने सरकार से 14 दिन में मांगा जवाब

**महासमुंद**। जिला जेल में हुए एक आदिवासी युवक के मौत पर परिजनों के द्वारा दायर जनहित याचिका पर हाईकोर्ट ने सुनवाई करते हुए सरकार जवाब मांगा है। बता दें कि जिला जेल में आदिवासी युवक की संदिग्ध मौत पर सख्ती दिखाई है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में गला दबाने और शरीर पर 35 जख्मों के निशान का जिक्र है। डिवीजन बेंच ने जनहित याचिका की सुनवाई के बाद सरकार से 14 दिन में जवाब मांगा है। जनहित याचिका के मुताबिक मृतक का नाम नीरज भोई है, जो जिले के ग्राम पिपरौद का रहने वाला था। नीरज को 12 अगस्त 2024 को हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। जेल ले जाते वक्त मेडिकल टेस्ट कराया गया। युवक को डिप्रेशन और शराब का आदी बताया गया था। जनहित याचिका के मुताबिक जेल ले जाते वक्त शरीर में किसी तरह के जख्म के निशान नहीं थे, लेकिन 15 अगस्त की सुबह नीरज को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत बता दिया। युवक की मौत को लेकर परिजनों ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की।

# जिले में किसानों के लिए बीज की उपलब्धता पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में खरिफ सीजन की बोनी की शुरुआत हो चुकी है। जिसमें किसानों को लगने वाले बीजो के लिए कृषि विभाग ने पहले आओ पहले पाओ के आधार पर बीज वितरण करने का निर्णय लिया है जिससे किसानों को सही समय पर बीज उपलब्ध हो सके एवं किसानों को बीजो कमी या अन्य होने वाले समस्याओं का सामना न करना पड़े। बाते कि जिले के किसानों को खरीफ सीजन में बोनी हेतु सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से कृषि विभाग महासमुंद द्वारा दलहन एवं तिलहन फसलों के बीज नगद भुगतान पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। बीज की उपलब्धता पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर की जा रही है। विभागीय अफसरों की मानें तो कृषकगण महासमुंद, बागबाहरा, पिथौरा, बसना एवं सरायपाली से बीज प्राप्त कर सकते हैं। बीज की उपलब्धता इस प्रकार है। जिसमें दलहन फसल अंतर्गत उड़द (किस्म - इंदिरा-1) की मात्रा 79 क्विंटल, अरहर (किस्म - सी.जी.-1) 72.60 क्विंटल, तिलहन फसल अंतर्गत मूंगफली (किस्म - के 1812) 32.20 क्विंटल, तिल (किस्म - टी.के.जी.-308) 4.36 क्विंटल बरतुंगा फार्म में एवं हरित खाद हेतु डेंचा बीज की मात्रा 7.50 क्विंटल बोनी हेतु उपलब्ध है। कृषि विभाग द्वारा किसानों से आग्रह किया गया है कि वे अपनी आवश्यकतानुसार बीज क्रय कर खेती के रकबे में विस्तार करें, जिससे जिले में दलहन एवं तिलहन फसलों का उत्पादन बढ़ाया जा सके। यह बीज छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड के माध्यम से उपलब्ध कराए जा रहे हैं।



### पिता-पुत्र से मारपीट, चार के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद**। बसना के वार्ड नं. 2 में पिता-पुत्र के साथ मारपीट करने के आरोप में चार लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है । पुलिस को प्रार्थी संजय कुमार साहू ने बताया कि 20 जून की शाम करीबन 7 बजे उसकी पत्नी मालती साहू ने फोन कर बताया कि मोहल्ले के 01. कमलेश उर्फ बबलू सोनवानी पिता विजय सोनवानी, पप्पू सोनवानी पिता विजय सोनवानी, राहुल सोनवानी, गोलू र्फ चंदन बसना के द्वारा एक राय होकर गाली गलौज किया जा रहा है। घर पहुंचकर उसने देखा कि आरोपी उसके पुत्र करन साहू के साथ गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट कर रहे थे। बीच बचाव करने पर उसके साथ भी मारपीट की गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) के अंतर्गत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## भवन निर्माण सामग्री के दामों में एकाएक वृद्धि से लोगों के लिए घर बनाना मुश्किल

# भवन निर्माण सामग्री के दाम बढ़े, मकान की लागत बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में भवन निर्माण सामग्री के दामो में एकाएक वृद्धि से लोगों के लिए घर बनाना मुश्किल होते जा रहा है। इधर खदानों में लगे प्रतिबंध के कारण लोगों को रेत के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। पीएम आवास की व्यापक से स्वीकृति मिलने के बाद भवन निर्माण सामग्रियों के दाम में विस्फोटक वृद्धि हुई है। महज डेढ़ माह में ईंट और गिट्टी के दाम में 30 प्रतिशत की वृद्धि हो गई है। वहीं 15 जून के बाद रेत खदानों पर प्रतिबंध से बाजार में रेत उपलब्ध नहीं हो पा रही है। आवास निर्माण लिए लोगों की पसंदीदा मिट्टी की लाल ईंट के दाम बढ़ गए हैं। भुरका निवासी राजू साहू ने बताया कि मई माह में सरिया का दाम 5200 रुपए क्विंटल थे अब वह 5600 रुपए तक मिल रहे है वही सीमेंट के दामों में 20 रुपए तक के



वृद्धि हो गई है। डेढ़-दो माह पहले एक ट्रैक्टर ट्राली ईंट 2000 नग को 8 से 9 हजार रुपए में पहुंचाकर दे रहे थे। मौसम और डिमांड के कारण धीरे-धीरे दाम बढ़ते गए और वर्तमान में एक ट्रैक्टर ट्राली लाल ईंट का दाम 10 से 12 हजार रुपए एवं काले ईंट का भाव 8 से 9 हजार रुपए हो गया है। कई ठेकेदार ईंट को स्टॉक कर बारिश के आखिरी में और ज्यादा दाम पर बेचने की फिराक में रहते है।

### क्रेशर गिट्टी के लिए सप्ताह भर का इंतजार

कमलेश कुमार साहू ने बताया है वह अपने घर निर्माण के लिए कि पिछले माह 2200 रुपए में गिट्टी लाये थे, बाद में दाम बढ़ने से अब 2500 रुपए हो चुके है। उन्होंने गिट्टी के अप्रत्याशित दाम बढ़ने की वजह प्रोडक्शन कम और डिमांड बढ़ना बताया है।

### रेत का मिलना हुआ मुश्किल

15 जून से पहले हजार, 1200 रुपए ट्रैक्टर ट्राली में उपलब्ध होने वाली रेत का अब मिलना मुश्किल हो गया है। ट्रैक्टरों पर लगातार कार्रवाई होने से बाजार में रेत उपलब्ध नहीं हो पा रही है। खदानों के बंद होने से ट्रैक्टर ड्राइवर सहित हजारों मजदूर बेरोजगार गए हैं।

## खबर संक्षेप



### हनुमान मंदिर का स्थापना दिवस मनाया

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के वीर हनुमान मंदिर में दूसरा स्थापना दिवस मनाया गया। भक्तों ने हनुमान की पूजा अर्चना की गई। जिसमें सनत चंद्राकर, रुक्मणि चंद्राकर, संतोष महाराज आदि मौजूद रहे। इस मौके पर भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया।



### सरायपाली सोसाइटी में मनाया योग दिवस

**महासमुंद।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सराईपाली में योगाभ्यास हुआ। इस अवसर पर देवेंद्र राय अध्यक्ष प्राथमिक कृषी साख सहकारी समिति मर्यादित सराईपाली, तरुण वर्मा व्यवस्थापक, गोविंद चंद यादव सहित पूरा स्टाफ व क्षेत्रीय किसानों की उपस्थिति रही।



### दुर्गापाली स्कूल में मनाया योग दिवस

**सरायपाली (ग्रामीण)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्गापाली में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन प्राचार्य निमंकर पटेल के मार्गदर्शन व रामप्रसाद यादव योग-खेल शिक्षक रामचंडी महाविद्यालय बगाइजोर द्वारा संपन्न कराया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती के पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी शिवप्रसाद पटेल मौजूद रहे।



### सशिमं के चार छात्रों का प्रयास में हुआ चयन

**कोमाखान।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कोमाखान के चार छात्रों का प्रयास विद्यालय के लिए चयन हुआ है। जिनमें सौरभ मरावी लोकेश सेन, हिमांशी सेन और शगुफ्ता परवीन का चयन प्रयास आवासीय विद्यालय में हुआ। सभी विद्यालय के होनहार छात्र रहे। इनके चयन से उनके ग्राम ओर परिवार में हर्ष का माहौल है। विद्यालय की प्रधानाचार्य उषा सिंह ठाकुर एवं सभी आचार्य दीदी ने हर्ष जताया है।



### बरभांठा स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव

**महासमुंद।** शासकीय प्राथमिक शाला बरभांठा में11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के बाद नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का शाला प्रवेश गुलाल से सम्मान कर, गणवेश व पुस्तक वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मति झाल बाई राय सरपंच, देवेन्द्र राय अध्यक्ष प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समिति मर्यादित सराईपाली, शालिनी प्रधान पाठिका, तिजमत साहू शिक्षिका, महेश्वरी राय आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, जया आवड़े, कुमारी प्रभाकर, लखन ध्रुव, गोवर्धन आवड़े, त्रिलोचन ध्रुव, अयोध्या खूंटे, कविता साहू, गीता यादव, तीजबाई यादव, रजनी टंडन, कौशिल्या कोसरिया, मोती बाई ध्रुव, उर्वशी ध्रुव जशवंतीन प्रभाकर आदि मौजूद रहे।



# मानसून की दस्तक के साथ ही धान बुआई के काम में जुटे किसान

## खेतों में बढ़ी चहल-पहल, सोसाइटियों से खाद बीज का भी उठाव कर रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सराईपाली (ग्रामीण)

पिछले दिनों हुई जोरदार बारिश के बाद किसान खरीफ की तैयारी में जुट गए हैं। खेतों में चहल-पहल देखने को मिल रही है। किसान इन दिनों धान की बुआई के साथ-साथ खाद बीज का उठाव भी कर रहे हैं। जिन किसानों ने बुआई कर लिए हैं उनके सामने अंकुरण की समस्या नहीं रहेगी। गुरुवार को दिनभर झड़ी करने के चलते बुआई नहीं हो पाया। क्योंकि, किसान अब हल की बजाए ट्रैक्टर से जुताई करने लगे हैं। खेतों में नमी इतना हो गया है कि ट्रैक्टर चलना मुश्किल हो गया है। अब ट्रैक्टर से जुताई के लिए मौसम खुलने का इंतजार करना पड़ेगा।

किसान इस बार समान्य किस्म के बीज को छोड़ कर हाइब्रिड व रिसर्च, प्रमाणित बीजों का उपयोग अधिक कर रहे हैं। अब देसी किस्म का धान विलुप्त हो गया। दूबराज, भुलाउ, सफरी, क्रांति, गुरमटिया जैसी किस्में अब मात्र सुनने को रह गया। किसान अधिक उपज देने वाले धान की ही बुआई कर रहे हैं ताकि अधिक उत्पादन कर अधिक लाभ अर्जित कर पाए। मानसूनी बारिश के साथ ही किसानों के चेहरे खिल गए हैं। किसान खरीफ की तैयारी में जुटा हुआ है। बारिश होते ही किसान धान, बीज एवं खाद का उठाव अग्रिम रूप से करने लगे हैं। इस बार सहकारी समितियों में डीएपी खाद नहीं मिलने की जानकारी किसानों ने दी है। यूरिया और सुपर फास्फेट खाद का ही उठाव कर रहे हैं। किसानों ने बताया कि अभी बुवाई के लिए बहुत ही उपयुक्त समय है। जिन किसानों ने खुर्रा बोनी कर चुके उनका धान अंकुरित हो चुका है। बारिश के पहले जो बुवाई कर लिये हैं उसमें भी अंकुरण की समस्या नहीं होगी। किसान खरपतवार उगने का इंतजार कर रहे हैं। ताकि धान के साथ खरपतवार न उगे। जिन किसानों के पास सिंचाई की सुविधा है, वे रोपाई के लिए नर्सरी तैयार कर रहे हैं। लइहारा पद्धति से बुवाई करने वाले किसानों को थोड़ा और बारिश का इंतजार करना होगा। रोहिना के कृषक रूपानंद साहू ने बताया कि जिस दिन बोनी किये थे उसी रात को जोरदार बारिश हुई। जिसके अंकुरण की कोई समस्या नहीं होगी। पिछले सोमवार को समय मिलते ही करीब 6-7 एकड़ की बुवाई कर लिये हैं। ग्राम माधोपाली के अंगद साहू ने बताया कि उनके गांव में अधिकांश किसानों ने बुआई कर चुके हैं। भौंरादादर के कृषक जयराम पटेल ने कहा कि उनके गांव में अधिकांश लोग रोपाई के लिए नर्सरी तैयार करने में लगे हुए हैं।

## आयोजन : आंवराडबरी पंचायत में मेरी पंचायत मेरी पहचान कार्यक्रम

# पंचायत में कर्मचारियों का सम्मेलन गतिविधियों की ली गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खल्लारी

ग्राम पंचायत आंवराडबरी में सरपंच दुलारी मुकुंद सिन्हा की अध्यक्षता में मेरी पंचायत, मेरी पहचान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन के माध्यम से सरपंच ने अपने पंचायत क्षेत्र के माध्यम से प्रत्येक विभागों की अधिकारियों व कर्मचारियों का पंचायत में सम्मेलन कराकर प्रमुखता से विभागों की गतिविधियों की जानकारी ली। आयोजन के माध्यम से आंवराडबरी पंचायत अंतर्गत आने वाली सभी विभागों की यह एक तरह से समीक्षा सभा रही।

आयोजन में आंवराडबरी पंचायत क्षेत्र के सभी विभागों से पहुंचे अधिकारी व कर्मचारियों को सरपंच ने विशेष निर्देश दिए कि आंवराडबरी पंचायत क्षेत्र के लोगों को किसी भी जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित न होना पड़े और जनता की समस्याओं से निराकरण में सहयोग प्रदान हों।

सरपंच दुलारी मुकुंद सिन्हा ने कहा कि ज्यादातर देखा जाता है कि गांवों में जो भी समस्या आते है उसे निराकरण करने के लिए गांवों के लोग शासन-प्रशासन तक जिला व ब्लॉक मुख्यालय का चक्कर लगाते है।



जिससे उनका समय और पैसा भी बर्बाद होता है। जिसे देखते हुए हमारे द्वारा पंचायत भवन में ही सभी विभागों के अधिकारियों को बुला कर उनके कार्यों और समस्याओं को सुना साथ ही ग्रामीण भी सभी अधिकारियों को अपनी समस्याओं को अवगत कराए।

आयोजन को सरपंच प्रतिनिधि मुकुंद सिन्हा, ग्राम पंचायत बीकेबाहरा सरपंच खेमराज साहू, ग्राम पंचायत खल्लारी उपसरपंच तारेश साहू, ग्रामीण राहुल कुलदीप, राजेंद्र ध्रुव आदि ने भी सम्बोधित किया। संचालन सरपंच प्रतिनिधि मुकुंद सिन्हा व आभार प्रदर्शन पंचायत सचिव योगेश्वरी पनुरिया ने किया।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत कोमा के सरपंच प्रतिनिधि रामलाल दीवान, वरिष्ठ ग्रामीण मिल्लुराम साहू, तुलाराम देवांगन, पंचायत वार्ड पंच गुमान सिन्हा, सुरज साहू, हिरालाल ध्रुव, ललिता ध्रुव, ब्रिजेश्वरी साहू, शकुन निर्मलकर, लालाराम ध्रुव, गुलाब देवांगन, खल्लारी पंच प्रतिनिधि माखन यादव, रोजगार सहायक विनोद कुमार साहू, आंवराडबरी प्रधान पाठक यामिनी दुबे, सहायक शिक्षक नीना चंद्राकर, लक्ष्मी नेताम, बोईरगांव प्रधान पाठक मुकेश साहू, स्वास्थ्य कार्यकर्ता अमृता नेताम, यीशु कुमार साहू, वनरक्षक कमलनारायण यादव, खल्लारी थाना के आरक्षक गैंदधर साहू, बिजली विभाग मोहन राठौर, मितानिन येमिन साहू, डिलेवरी साहू, मोतिम साहू, मालती बाई निषाद, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तेजबाई साहू, अनुसुईया चंद्राकर, सहायिका लक्ष्मी बाई, कोटवार प्रीतराम बघेल, ढेलूराम कुलदीप, ग्रामीण लेखराज निर्मलकर, भूपेंद्र साहू, नरेंद्र साहू, दुर्गेश साहू, दिलेश साहू सहित पंचायत प्रतिनिधि व ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों की रही उपस्थित

सरपंच दुलारी मुकुंद सिन्हा के आव्हान पर आयोजित मेरी पंचायत मेरी पहचान कार्यक्रम में अपने पंचायत क्षेत्र के सभी विभागों की समीक्षा पर आंवराडबरी स्थित ग्राम पंचायत (कार्यालय) भवन में आयोजित सभा में प्रमुख रूप से स्वास्थ्य विभाग, पटवारी, वन विभाग, सुरक्षा कर्मी, शिक्षा विभाग, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, रोजगार सहायक, कोटवार, ग्राम सेवक, सोलर पंप नल जल योजना, मितानिन, मीडिया एवं आंवराडबरी व बोईरगांव ग्राम प्रमुख संहित पंचायत के पदाधिकारी कर्मचारियों का उपस्थिति रही।

## सांसद ने किया पटवा जनकल्याण समाज के सामुदायिक भवन का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| तेंदूकोना

छत्तीसगढ़ प्रगतिशील पटवा समाज ने कोमाखान सोनामुंदी परिक्षेत्र हेतु ग्राम सोनामुंदी में समाज के व्यक्ति द्वारा दान की गई भूमि में स्वयं के व्यय पर सामुदायिक भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम रखा गया। मुख्य अतिथि महासमुंद लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी ने समाज द्वारा किये जा रहे इस जनहित कार्य से प्रभावित होकर 5 लाख रुपये राशि अपने सांसद मद से देने का घोषणा की।

कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि पूर्व मण्डल बागबाहरा ग्रामीण अध्यक्ष पिलेश्वर पटेल, पटपरपाली सोसायटी (मंडी) अध्यक्ष अधिवक्ता कमलेश कुमार टांडेय, सिवनी ग्राम पंचायत के सरपंच अंजू लता साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता मूलचंद साहू, भाजपा मंडल के उपाध्यक्ष चिंता राम साहू एवं केंद्रीय पटवा समाज के अध्यक्ष रामकुमार पटवाजी, महामंत्री संतोष पटवा, कोषाध्यक्ष महेश पटवा, उपकोषाध्यक्ष प्रमोद पटवा, नवयुवक पटवा समाज के उपाध्यक्ष संतोष पटवा, नवयुवक सदस्य दिनेश पटवा, विजय पटवा, सूरज पटवा, छोटू पटवा,कमल पटवा, रामेश्वर पटवा, ग्राम पुरोहित पंडित संजय उपाध्याय, गांव के वरिष्ठ नागरिक दया राम निषाद, मूलचंद साहू, धनसिंह साहू,भीखम पारकर, सोनामुंदी परिक्षेत्र पटवा समाज के मुख्य सलाहकार केश राम पटवा, उदल पटवा, पुसाऊ राम पटवा, उमा राम पटवा, अध्यक्ष उमेंद्र पटवा, उपाध्यक्ष घनश्याम पटवा, सचिव कमलेश नामदेव, सह सचिव प्रतीक पटवा, कोषाध्यक्ष हिरावन पटवा, चपरासी डेरहा राम पटवा, सदस्य गण गणेश राम पटवा (सलखन वाले) पीला लाल पटवा, सुखन, बालकुमार, हस कुमार, तिलक, बालेश्वर, मिलाप, जितेंद्र, प्रकाश, गोपाल, रूपेंद्र, आदेश, उदेश्वर, प्रकाश,और साथ में भोथा परिक्षेत्र (पार) से रवि पटवा भलेसर आदेश पटवा, संतोष, दीपक आदि मौजूद रहे।

## गांजर में हुआ संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तेंदूकोना

भारतीय जनता पार्टी बागबाहरा ग्रामीण मंडल के ग्राम गांजर स्थित साहू भवन में भाजपा का संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में मोदी के 11 साल बेमिसाल जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई, जैसे हर घर शौचालय, उज्ज्वला गैस योजना, हर घर जल, प्रधानमंत्री आवास ऐसे कई योजनाओं के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में निरंजना शर्मा भाजपा जिला उपाध्यक्ष महासमुंद उपस्थित रही। साथ ही सुनीता देवांगन, मंडल के



अध्यक्ष रुपेश साहू, महामंत्री राजेश ठाकुर, महामंत्री प्रकाश पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामखिलावन साहू, कार्यक्रम के संयोजक विनोद दीवान, सह संयोजक छन्नू साहू, सह संयोजक खिलावन चंद्राकर, महिला मोर्चा अध्यक्ष जीवनी साहू, तेंदूकोना सरपंच देवन्तिन दीवान, तुलसी साहू, हरिवल्लभ शर्मा, नर्मदा शर्मा, मोहित साहू, कोमल साहू, गुलशन बघेल आदि मौजूद रहे।

### फॉर्च्यून नेत्रहीन स्कूल में हरित योग दिवस का आयोजन

**बागबाहरा।** विश्व योग दिवस पर फॉर्च्यून नेत्रहीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करमापटपर बागबाहरा खुर्द में शाला परिसर में हरित योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संचालक निरंजन साहू के मार्गदर्शन में प्राचार्य रश्मि साहू द्वारा योग से तन ,मन, स्वस्थ बनाने प्रेरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने संस्थापक सदस्य डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने फोन से पर्यावरण संग योग की जानकारी दी। कार्यक्रम में भूमिका यादव, जगेंद्र टांडे, ललिता नागेश, धनेश्वरी नागेश समेत छात्र-छात्राओं की सक्रिय भूमिका रही।

## बाजार में नहीं मिल रहे 10-20 के नोट, लोगों सहित व्यापारियों ने कहा- हो रही भारी परेशानी

**भंवरपुर।** बसना ब्लॉक के सबसे बड़े पंचायत एंव व्यवसायी दृष्टि से भरपूर गांव भंवरपुर में इन दिनों 10-20 के फुटकर की समस्या से व्यापारी व आम जनता जूझ रहे हैं। 10 के नोट, 20 के नोट तथा 10 के सिक्कों का अभाव के कारण जहां व्यवसाय में लेनदेन में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है, वहीं ग्राहकों व दुकानदारों को भी भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। भंवरपुर नगर में पांच का सिक्का या 10 का नोट, 20 का नोट देखने तक को नहीं मिल रहे हैं। बाजारों में हो रही चिल्हर की किल्लत से व्यापारी वर्ग मायूस है तथा लेनदेन करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रोजाना के लेनदेन में 5, 10 और 20 के नोट की बहुत ज्यादा जरूरत पड़ती है। लोगों ने मांग की है कि 5, 10 और 20 के नोट अधिक से अधिक मात्रा में उपलब्ध कराया जाएं। बाजार में इन दिनों पांच रुपए के सिक्कों की भी भारी कमी है। चिल्हर की आवश्यकता सबसे ज्यादा छोटे दुकानदारों जैसे होटल, पान ठेले, सब्जी व्यवसाय करने वाले लोगों को पड़ती है । ऐसे में इनके साथ ग्राहक भी बहुत परेशान हैं। हार्डवेयर व्यवसायी छोटू अग्रवाल ने बताया कि छोटे नोटों की कमी से लेनदेन में काफी दिक्कत हो रही है। बैंकों को चाहिए कि 10 और 20 रुपए के नोट बाजार में उपलब्ध कराएं। किराना व्यापारी पाटु देवांगन ने बताया कि 10 और 20 के नोटों के भारी कमी है। इससे लेनदेन में बहुत ज्यादा परेशानी आ रही है। बैंकों को ध्यान देकर नोट उपलब्ध कराने चाहिए। होटल संचालक सुरेंद्र वैष्णव ने कहा कि 10, 20 के नोटों की भारी दिक्कत है। बैंकों को नोट उपलब्ध कराने चाहिए, ताकि लेनदेन में आसानी हो।

# सेन समाज के पदाधिकारियों की शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शामिल हुए नपाध्यक्ष निखिल

**महासमुंद।** ड्योढ़ीपार देशहा सेन समाज, छत्तीसगढ़ प्रांत के नवनियुक्त युवा प्रकोष्ठ एवं महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह ग्राम खैरा स्थित मांगलिक भवन में आयोजित की गई। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। उन्होंने समाज के नव नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपसी सामंजस्य से ही समाज आगे बढ़ता है। उन्होंने सेन समाज के लोगों को कर्तव्यनिष्ठ बताते हुए कहा कि किसी भी समाज के व्यक्ति के जीवन में चाहे



सुख के क्षण हो या अन्य अवसर पर सेन समाज का सहयोग मिलता है। उन्होंने सेन समाज को सुख दुख के साथी की संज्ञा दी। कार्यक्रम में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त होने पर सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को समाज के विकास और हित के लिए एकजुट होकर कार्य करने की बात कही। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पार्षद राहुल आवड़े, हीराधर सेन प्रदेश अध्यक्ष, शत्रुहन लाल वास प्रदेश महासचिव, माखनलाल सेन प्रदेश कोषाध्यक्ष, दिनेश सेन प्रदेश उपाध्यक्ष सहित समाज के नव नियुक्त पदाधिकारी गण, सदस्य गण, माताएं, बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### छात्रों को कराया गया योगाभ्यास

**महासमुंद।** सूर्या नर्सिंग इंस्टीट्यूट में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्राणायाम तथा योगाभ्यास कराया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के प्राणायाम तथा योग से होने वाले लाभ तथा जीवन में होने वाले सकारात्मक प्रभाव को भी प्रदर्शित कर बताया गया। जिसमें योग शिक्षक के रुप में अनिश कुमार साहू द्वारा योगाभ्यास कराया गया। जिसमें प्राचार्य रेंजी नायर एवं समस्त शिक्षकगण शुभ्रा पैट्रिक, चंचल साहू, समृद्धि साहू, महिमा साहू एवं समस्त छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर अपनी सहभागिता प्रस्तुत की।



### बिहाझर में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

**बागबाहरा।** शासकीय उच्च प्राथमिक शाला बिहाझर में तरुण व्यवहार जनपद उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बागबाहरा के मुख्य आतिथ्य में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता काजल साहू सरपंच ग्राम पंचायत बिहाझर द्वारा किया गया। विशेष अतिथि के रूप में एसएमसी अध्यक्ष थानू राम साहू उपस्थित रहे। सरपंच द्वारा बालिका शिक्षा पर जोर दिया गया। मुख्य अतिथि ने गांव के लोगों को शिक्षा के प्रति अपने कर्तव्यों से अवगत कराया गया। सजग रहकर मिलकर कार्य करने से शाला का विकास पर जोर दिया। आभार प्रदर्शन प्रधान पाठिका रुखमणी साहू एवं संचालन प्रदीप वर्मा ने किया। नवप्रवेशी बच्चों को गुलाल से तिलक लगाकर मुंह मीठा करा कर प्रवेश दिलाया गया। इस अवसर पर शिक्षिका रेखा चंद्राकर, चन्द्र प्रभा साहू, पूर्णिमा चंद्राकर, सीमा दीवान, शिक्षक पंचराम ठाकुर, हरिराम साहू, संतराम साहू, गैंदलाल सिन्हा, गजेंद्र साहू, नरसिंग साहू, हेमसिंग, जीवन साहू, किरीत साहू रसोइया एवं पालकगण उपस्थित रहे।



### विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन

**सरायपाली।** मारवाड़ी युवा मंच एवं मारवाड़ी जागृति शाखा के संयुक्त तत्वावधान में अग्रसेन भवन में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मारवाड़ी महिला समिति की अध्यक्ष वीणा अग्रवाल, व्यापारी संघ के अध्यक्ष संजय अग्रवाल, बिहारी लाल अग्रवाल, कमल अग्रवाल, मिथिलेश अग्रवाल एवं प्रदीप अग्रवाल द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ अग्रसेन के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कैंप में लगभग 122 यूनिट ब्लड का संग्रह हुआ। मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय उपाध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, बसना से एवं मंडल पांच के उपाध्यक्ष संदीप अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। समिति द्वारा आंगतुकों को गमछा एवं मोमेंटो देकर उनका सम्मान किया गया। रक्तदान शिविर में दोनों शाखा के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष समेत सभी कार्यकर्ताओं ने सेवा दी।

# वृंदावन विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया प्रवेश उत्सव

**महासमुंद।** स्थानीय वृंदावन विद्यालय में 20 जून को विद्यालय प्रांगण में नये शिक्षण सत्र के लिए प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संचालक एमआर विश्वनाथन एवं संचालिका सुजाता विश्वनाथन एवं संचालक विनीत विश्वनाथन, उप प्राचार्य इंदु मिश्रा, प्रभारी शिक्षिका वर्षा चंद्राकर, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा जिला अध्यक्ष ऐतराम साहू, जिला शिक्षा विभाग के सहायक संचालक सतीश नायर एवं नंद कुमार सिन्हा, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, स्काउट/गाइड जिला सचिव प्रमोद कन्नौजे, स्काउट गाइड उपाध्यक्ष आनंद साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिक्का, वार्ड न. 03 के पार्षद सुनैना ठाकुर, वार्ड न. 02 के पार्षद जय कुमार देवांगन, भाजपा कार्यालय प्रभारी हनीश बग्गा, शरद यादव, एसएमडीसी सदस्य रत्ना रानी साहू रहे। तिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना संध्या सोना एवं अंशु यादव की प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके भाजपा जिलाध्यक्ष साहू ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं, उनका सर्वांगीण विकास हो, चहुमुखी विकास होना चाहिए। उनके अंदर छिपी हुई प्रतिभाओं को तराशने का कार्य शिक्षकों का कर्तव्य है, किंतु यह तभी संभव है, जब बच्चे तन्मयता, एकाग्रता एवं चित्तमन से अध्ययन करें। कठिन परिश्रम का फल हमेशा मीठा ही होता है। संस्था के संचालक एम आर विश्वनाथन ने कहा कि विद्यालय आने से ज्ञान में वृद्धि एवं अनुशासनशीलता आती है। जीवन में बच्चों को पढाई के महत्व से अवगत कराया। जिला शिक्षा विभाग के सहायक संचालक सतीश नायर ने बताया कि जीवन में उत्थान के लिए शिक्षा अति आवश्यक है। स्कूल में हमें अनुशासन, जीवन जीने की कला, आदि महत्वपूर्ण बातों को शिक्षकों द्वारा सिखाया जाता है। नगर पालिका के उपाध्यक्ष राठी ने कहा कि हमारे जीवन में अनुशासन का महत्वपूर्ण योगदान होता है। बच्चों को निरंतर आगे बढते रहने के लिए प्रेरित किया। संस्था की संचालिका ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए पठन-पाठन, श्रवण हेतु उचित मार्गदर्शन दिए। बच्चों को सही मार्ग पर चलने के लिए प्रोत्साहित करते हुए हमेशा सत्य की राह पर चलने के लिए सकारात्मक उर्जा को ग्रहण करने के लिए तालिम दिए। कार्यक्रम का संचालन रेखा साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को अतिथियों द्वारा पाठ्य पुस्तक तथा मिठाई वितरित किया गया। सुजाता विश्वनाथन द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में उर्मिला अग्निहोत्री, अमृता चंद्राकर, संध्या सोना, चंदना सोनी, सुषमा साहू, जागृति साहू, वर्षा चंद्राकर, भूमिका वर्मा, शुभ्रा अग्रवाल, मनीषा बावनकर, अंशु यादव, सुमन साहू, नीरू मांझी, नंदिनी साहू, मोनिका साहू, एकता गोस्वामी, हीना खान, रिंकी कुर्रे, यशवंत धृतलहरे, प्रवीण साहू, होमेश साहू, स्वाति ठाकुर, हेमलता वर्मा, तुषार निर्वाण, नितेश घृतलहरे का योगदान रहा।



# कलेक्टर ने किया निर्माणाधीन बहुउद्देशीय केंद्र का निरीक्षण, 10 जुलाई से संचालन के निर्देश

## एक ही छत के नीचे स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी केंद्र एवं कौशल विकास केंद्र का होगा संचालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में पीएम जनमन योजना अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण, शून्य से 5 वर्ष के बच्चों को पूरक पोषण आहार, ग्रामीणों के लिए आजीविका केंद्र जैसे सुविधा एक ही छत के नीचे मुहैय्या कराने के उद्देश्य से दो बहुउद्देशीय केंद्रों का निर्माण किया जा रहा है।

कलेक्टर विनय लंगेह ने महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम धनसुली में निर्माणाधीन बहुउद्देशीय केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिले के दोनों मॉडल बहुउद्देशीय केंद्र का निर्माण कार्य 30 जून 2025 तक पूर्ण कर लिया जाए, जिससे 10 जुलाई 2025 से इनका विधिवत संचालन आरंभ किया जा सके। उन्होंने निर्माण एजेंसी को समय सीमा के



भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने को कहा। इस दौरान कलेक्टर ने ग्रामीण महिलाओं से चर्चा भी की और उनसे आजीविका संबंधी गतिविधियों की जानकारी ली। दूसरा बहुउद्देशीय केंद्र बागबाहरा विकासखंड के ग्राम जोरातराई में निर्माणाधीन है।

निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, एसडीएम उमेश कुमार साहू, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास समीर पांडेय, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास शिल्पा साय, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं पीडब्ल्यूडी के अधिकारी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बहुउद्देशीय केंद्र को सर्वसुविधायुक्त बनाने के निर्देश देते हुए जरूरी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने कहा। मॉडल केंद्र में 24 घंटे एनएमएम एवं मितानिन की सेवाएं दी जाएगी, एक आधुनिक एम्बुलेंस की व्यवस्था की जाएगी एवं सोलर पंप आधारित सूर्य जल योजना के माध्यम से 24 घंटे विद्युत आपूर्ति रहेगी। यहां स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण एवं ग्रामीणों के लिए आजीविका से संबंधित कौशल विकास केंद्र की स्थापना आदि महत्वपूर्ण सुविधा रहेगी। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, पोषण और कौशल विकास जैसे विषयों में शासन की प्राथमिकता को ध्यान में रखते हुए यह मॉडल केंद्र जनकल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होंगे। उन्होंने सभी निर्माण कार्यों की साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश भी दिया, ताकि हर स्तर पर निगरानी रखी जा सके और समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित हो।

## खबर संक्षेप



### मालीडीह स्कूल में मनाया प्रवेशोत्सव

**महासमुंद।** शासकीय उच्च प्राथमिक शाला मालीडीह संकुल केंद्र तुमगांव में 20 जून को शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा पहली में नवप्रवेशित बच्चों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। उन्हें पुस्तक, कॉपी, पेन, गणवेश, मिठाई एवं चॉकलेट वितरित की गई। कार्यक्रम में विशेष रूप से पुनीराम पटेल, संजय पटेल, डिगेश खैरवार, संस्था प्रमुख प्रधान पाठक संत कुमार चंद्राकर, प्रधान पाठक लक्ष्मण साहू, शिक्षक उमाशंकर पांडेय, उर्मिला यादव, सेवती ध्रुव और नंदनी साहू उपस्थित रहे। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक मोहनलाल साहू ने किया।



### भाजपा जिला कार्यालय के योग कार्यक्रम में शामिल हुई हुलसी

**महासमुंद।** शनिवार को महासमुंद जिला भाजपा कार्यालय में विश्व योग दिवस पर एक भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महासमुंद जनपद उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर और भाजपा कार्यकर्ताओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। योग गुरु तिलक साव ने सभी को योगाभ्यास कराया और योग के महत्व को समझाया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को योग के महत्व के प्रति जागरूक करना और उन्हें इसके लाभों के बारे में बताना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया और योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास किया। सभी प्रतिभागियों ने योग के महत्व को समझा और इसके लाभों के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस प्रकार, विश्व योग दिवस के अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक हुआ।

### खुटेरी में मनाया गया विश्व योग दिवस

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम खुटेरी में 11 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच सुशीला मांझी, उपसरपंच गेसराम पटेल, प्रबंध समिति के अध्यक्ष द्वय महेश ध्रुव, हंसराज निषाद, पालक जीवर्धन चौहान कृष्णा ध्रुव, प्रभारी प्रधानपाठक पालेश्वर पटेल, प्राथमिक विद्यालय प्रधानपाठक डोलामणी साहू, शिक्षकगण नरसिंग पटेल, अभिनंदन नाग, अनिता बरिहा, कुमुदिनी बरिहा, प्रभाकिरण ध्रुव, भूपेंद्र सिंह ठाकुर, कृति साहू, लेखराम ध्रुव, लक्ष्मी ठाकुर के साथ-साथ प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय खुटेरी के 155 छात्र छात्राएं और पालकगण भी उपस्थित थे। सभी ने योग दिवस पर नियमित योगाभ्यास को अपनाने का संकल्प लिया।



### योग दिवस पर लगातार योग करने का लिया संकल्प : अंकित

**महासमुंद।** खल्लारी विधानसभा के कांग्रेसी अंकित बागबाहरा ने प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी बागबाहरा स्थित द्विवेदी फिटनेस प्वाइंट में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 के दिन स्वास्थ्य और समृद्धि का उत्सव के रूप में विश्वभर में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। अंकित ने बताया कि योग प्राचीन भारतीय परंपरा को सम्मानित करता है, जो शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण को बढ़ावा देता है। अंकित ने सभी से आग्रह किया कि इस अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग को अपने दैनिक जीवन में अपनाएं और स्वस्थ, शांतिपूर्ण और संतुलित जीवन की दिशा में कदम बढ़ाएं।



### स्वामी शिवानंद योग भवन में हुआ योग महोत्सव, नगरवासी हुए शामिल

**महासमुंद।** दिव्य जीवन संघ द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस शनिवार को स्वामी शिवानंद योग भवन में योग महोत्सव मनाया गया। सर्वप्रथम योग के बारे में जानकारी देते हुए स्वामी विद्यानंद सरस्वती ने बताया कि योग विद्या का उद्भव हजारों वर्ष प्राचीन है। संतों और ऋषियों ने इस महत्त्वपूर्ण योग विद्या को एशिया, मध्य पूर्व, उत्तरी अफ्रीका एवं दक्षिण अमेरिका सहित विश्व के अलग-अलग भागों में प्रसारित किया। सिंधु, सरस्वती घाटी सभ्यता में योग साधना करती अनेक आकृतियों के साथ प्राप्त अवशेष इस बात के प्रमाण हैं कि प्राचीन भारत योग का अस्तित्व था। योग के फायदों के बारे में निश्चित रूप से सभी प्रकार के बंधनों से मुक्ति प्रदान करने का साधन है। वर्तमान समय में हुए चिकित्सा शोधों ने योग से होने वाले कई शारीरिक और मानसिक लाभों के रहस्य प्रकट किए हैं। यहीं नहीं लाखों योग अभ्यासियों के अनुभव के आधार पर इस बात की पुष्टि की जा सकती है कि योग किस प्रकार सहायता कर सकता है। योग शारीरिक स्वास्थ्य, स्नायुतंत्र एवं कंकाल तन्त्र को सुचारु रूप से कार्य करने और हृदय तथा नाड़ियों के स्वास्थ्य के लिए हितकर अभ्यास है। यह मधुमेह, श्वसन संबंधी विकार,उच्च रक्तचाप, निम्न रक्तचाप और जीवनशैली संबंधी कई प्रकार के विकारों के प्रबंधन में लाभकारी है। योग अवसाद, थकान, चिंता संबंधी विकार और तनाव को कम करने में सहायक है। योग शरीर एवं मन निर्माण की ऐसी प्रक्रिया है, जो समृद्ध और परिपूर्ण जीवन की उन्नति का मार्ग है। योग दिवस केअवसर पर दिव्य जीवन संघ सहित शहर के नागरिक महिलाओं ने भाग लेकर योग को अपने जीवन में नियमित रखने का संकल्प लिया।

### योग शारीरिक मानसिक भावनात्मक कल्याण के लिए लाभप्रद

**महासमुंद।** सनातन सेवा समिति द्वारा संचालित वृंदावन विद्यालय में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। जिसमें आमंत्रित अतिथि तिलक कुमार साव द्वारा योग व प्राणायाम का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें अन्य अतिथि रमेश कुमार राय के साथ संस्था के संचालक एम आर विश्वनाथन व संचालिका सुजाता विश्वनाथन व शिक्षकों तथा छात्र-छात्राओं ने योग अभ्यास किया। एमआर विश्वनाथन ने योग के लाभों से बच्चों को अवगत कराया। योग के कई लाभ है , जिनमें शारीरिक मानसिक और भवनात्मक कल्याण शामिल है, यह लचीलापन ताकत और सहनशक्ति में सुधार करने में मदद करता है। साथ हि तनाव और चिंता को कम करता है। इसके अतिरिक्त योग नींद कि गुणवत्ता में सुधार कर सकता है व ऊर्जा के स्तर को बढ़ाता है। साथ ही सुजाता विश्वनाथन ने कहा कि योग दो तत्वों का मिलन है। यह एक अध्यात्मिक प्रक्रिया है, यह शरीर मन और आत्मा को लाभ दिलाने का काम करता है। योग जीवन जीने कि कला है, योग के आठ सूत्र है। यम, नियम, आसन, प्राणायम, प्रलाहार, धारणा, ध्यान, समाधि। योग एक औषधि है जिसे प्रतिदिन नियमतः करने से हम सब निरोग रहेंगे। योग अभ्यास की शुरुआत योग मंत्र एवं प्रार्थना से हुई। सर्वप्रथम सूर्य नमस्कार, प्राणायाम आदि योग, आसन कराया गया। कार्यक्रम में आभार व्यक्त इंदु मिश्रा द्वारा किया गया। इस अवसर पर उर्मिला अग्निहोत्री, अमृता चंद्राकर, संध्या सोना, चंदना सोनी, सुषमा साहू, जागृति साहू, वर्षा चंद्राकर, भूमिका वर्मा, शुभ्रा अग्रवाल, मनीषा बावनकर, अंशु यादव, सुमन साहू, नीरू मांझी, नंदिनी साहू, मोनिका साहू, एकता गोस्वामी, हीना खान, रिंकी कुर्रे, प्रवीण साहू, यशवंत धृतलहरे, होमेश साहू, स्वाति ठाकुर, हेमलता वर्मा, तुषार निर्वाण, नितेश घृतलहरे का योगदान रहा।

# लेफ्टिनेंट प्रदीप कन्हेर एनसीसी के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए मुख्यमंत्री पुरस्कार से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक (रसायन शास्त्र) और एसोसिएट एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट प्रदीप कन्हेर को एनसीसी के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए मुख्यमंत्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

वर्ष 2024-25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सहयोगी एनसीसी अधिकारियों एवं कैडेटों को राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री पुरस्कार/शिक्षा मंत्री पुरस्कार प्रदान किया गया जिसमें शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद के लेफ्टिनेंट प्रदीप कन्हेर एनसीसी अधिकारी को छत्तीसगढ़ राज्य की सर्वश्रेष्ठ एनसीसी अधिकारी के रूप में मुख्यमंत्री पुरस्कार सम्मान प्राप्त हुआ।

महाविद्यालय प्राचार्य प्रो करुणा दुबे ने



कहा कि इस प्रकार की उपलब्धि हमारे महाविद्यालय के लिए गर्व की बात है। महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ रीता पांडेय, डॉ नीलम अग्रवाल, डॉ मालती तिवारी, प्रो सी खलखो, डॉ ईपी चेलक, डॉ आर के अग्रवाल, मनीराम धीवर, अजय कुमार राजा, डॉ दुर्गावती भारतीय, एस आर रात्रे, डॉ सीमारानी प्रधान, राजेश्वरी सोनी, मनबोध चौहान, सरस्वती सेठ, डॉ अजय कुमार देवांगन, प्रियंका सोनवानी, आशुतोष गोस्वामी, दिलीप कुमार बढ़ाई, डॉ प्रियंका चक्रधारी, केशरचंद बनपाल, डॉ जगदीश सत्यम, कार्यालय प्रमुख मुकेश साहू, मनोज शर्मा सहित महाविद्यालय के समस्त अधिकारियों कर्मचारियों ने हर्ष जताया है।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास के साथ नशामुक्ति की दिलाई शपथ

**महासमुंद।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा महासमुंद द्वारा कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी परिसर में हर्षोल्लासपूर्वक हुआ। कार्यक्रम प्रबंध समिति के सभापति संदीप दीवान के मार्गदर्शन तथा डॉ अशोक गिरि गोस्वामी के निर्देशन में आयोजित किया गया। योग प्रशिक्षिकाएं सुनीता देवांगन एवं प्रीति साहू द्वारा प्रतिभागियों को विभिन्न योगाभ्यास कराए गए, जिनमें प्रोटोकाल के अनुसार शारीरिक और मानसिक संतुलन को बढ़ाने वाले आसनों का अभ्यास कराया गया। इस अवसर परप्रबंध समिति सदस्य राजेश्वर खरे, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय महासमुंद से सहायक संचालक व्दय सतीश नायर, नंदकिशोर सिन्हा, समग्र शिक्षा के पीसी देवनारायण जांगड़े, कार्यालय लिपिक डिगेश्वर ठाकुर, कार्यालय सहायक पोषण साहू, इंडियन कॉलेज ऑफ एजुकेशन से रेडक्रॉस प्रभारी मानकलाल बारले,तथा रेडक्रॉस कार्यालय से तकनीकी सहायक तेजलाल देवांगन एवं कार्यालय सहायक द्वारिका प्रसाद सिन्हा सहित कई अधिकारी-कर्मचारी रेडक्रॉस के वालिंटियर्स उपस्थित रहे। इस योगाभ्यास में जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल का भी सहयोग रहा। योगाभ्यास में लगभग 80 प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। उन्हें ऑनलाइन नशामुक्ति शपथ दिलाई गई एवं योग विषयक ऑनलाइन क्विज़ के माध्यम से योग के प्रति जुड़ाव और जागरूकता को प्रोत्साहित किया गया। क्विज़ में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को ऑनलाइन प्रमाणपत्र भी प्रदान किए गए। सभापति संदीप दीवान ने योग को जीवनशैली में शामिल करने की प्रेरणा दी।



### गढ़पटनी स्कूल में कराया योगाभ्यास

**बसना।** शासकीय प्राथमिक शाला गढ़पटनी में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम को लेकर योग दिवस मनाया गया। प्रोटोकॉल के तहत सुबह 7 बजे से 8 तक योग अभ्यास कार्यक्रम हुआ। इस योगाभ्यास प्रोटोकॉल में सबसे पहले बच्चों,पालकों, जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षकों द्वारा भुजंगासन, मकरासन, सेतुबंध आसन, पवनमुक्तासन, वक्रासन, घुटना संचालन, ताड़ासन वृक्षासन, कपालभाति, प्राणायाम, अनुलोम-विलोम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर संकल्प के साथ शांति पाठ लेकर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम का संचालन सहायक शिक्षक लगन नाग द्वारा किया गया। संस्था के प्रधान पाठक सरविंद सिदार ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश वाचन किए। जिसमें उपस्थित बच्चों की माताएं गोमती, उषा, कैलाशी, अनिता, संतोषी, ममता, पुष्पा, हरिमोती, मोनिका, मिनी, अंकिता, आंगन बाड़ी कार्यकर्ता विधुमति कर, उमा कैवर्त 70 बच्चों के साथ पालक बंधुओं ने भाग लिया।



### ग्यारहवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का रहा जूनून

**बसना।** शासकीय उच्च प्राथमिक शाला में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयुष मंत्रालय भारत सरकार एवं योग गुरु बाबा रामदेव के पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के प्रोटोकॉल के अनुसार विद्यालय के योगाचार्य द्वय बिसीकेशन साहू प्रधान पाठक, राजेंद्र सिंह सिदार शिक्षक एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपनी सहभागिता देते हुए सर्व प्रथम मां भारत माता छत्तीसगढ़ महतारी व विद्या की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती माता की पूजन कर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ योग दिवस का शुभारंभ किया गया। अंत में वरिष्ठ शिक्षक अरूण कुमार प्रधान ने योग संकल्प वाचन और आशीर्वचनों के साथ समापन किया गया। विद्यालय परिसर छात्र-छात्राओं के नारों और जयकारों, करें योग- रहें निरोग, भारत माता व छत्तीसगढ़ महतारी की जयकारों से गूंज उठा। इस अवसर पर प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला के संस्था प्रमुख कमलासन आचार्य, शिक्षक अरूण कुमार प्रधान, बिसीकेशन साहू, कुलेन्द्र नेताम, बालकृष्ण प्रधान, अनिता साहू, मंदाकिनी प्रधान, मंजू पात्रो एवं राजेंद्र सिंह सिदार सहित पालक पूर्णानंद बेहरा, पीतांबर यादव, रजनीकांत यादव, वीरेंद्र विशाल आदि मौजूद रहे।

# गीता भवन में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम, विभिन्न योग मुद्रा का अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

सरायपाली विधानसभा भाजपा मंडल द्वारा 11 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर गीता भवन में मंडल स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक साथ योगाभ्यास किया।

कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं छग राज्य महिला आयोग सदस्य सरला कोसरिया ने शामिल होकर सामूहिक योग में हिस्सा लिए तथा विभिन्न योग मुद्राओं का अभ्यास किया। सरला कोसरिया, जिला महामंत्री संजय शर्मा, जिला उपाध्यक्ष बिपिन उपोवेजा, पूर्व विधायक त्रिलोचन पटेल, जिलाध्यक्ष विधिक प्रकोष्ठ स्वर्ण सिंह सलूजा



ने संबोधित करते हुए कहा कि योग एवं अध्यात्म जैसे भारत की प्राचीन परम्परा को सम्पूर्ण विश्व ने अपनाया है। इसे वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने का श्रेय देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जाता है जिनके सत्प्रयासों से यह संभव हो सका। उन्होंने आगे कहा कि योग से शारीरिक व मानसिक क्षमता बढ़ती है तथा विकार दूर होता है और स्वस्थ जीवन के लिए योग बहुत ही आवश्यक है। वर्तमान परिवेश में व्यस्तता और समयाभाव के चलते लोगों की जीवन शैली में नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है, जिससे वे विभिन्न बीमारियों का शिकार हो जाते हैं।

योग से स्वस्थ तन और मन का सकारात्मक विकास होता है तथा जिस तरह प्राचीन समय में ऋषि-मुनि अपनी आत्मशक्ति को जागृत कर अलौकिक ऊर्जा को प्राप्त करते थे, उसी तरह हम सबको उनका अनुसरण करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर तारेश्वरी नायक, सरला कोसरिया, धनेश नायक, नरेंद्र प्रधान आदि मौजूद रहे।

### खड़सा स्कूल का आकस्मिक निरीक्षण

**महासमुंद।** शिक्षा को नए आयाम देने एवं विद्यालयीन गतिविधियों में नवचेतना भरने के उद्देश्य से जिला मिशन समन्वयक (डीएमसी) रेखराज शर्मा द्वारा उच्च प्राथमिक शाला खड़सा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान शर्मा ने विद्यालय के समस्त शिक्षकों को बच्चों के सर्वांगीण विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, और अनुशासित वातावरण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। पश्चात शर्मा हायर सेकेंडरी स्कूल लहंगर में आयोजित समीक्षा बैठक में शामिल हुए। इस अवसर पर विद्यालय में पुस्तक स्कैनिंग कार्य और स्मार्ट क्लास सिस्टम का भी निरीक्षण किया गया। महीनों से बंद पड़े कंप्यूटर और प्रोजेक्टर को शीघ्र चालू करने हेतु आवश्यक तकनीकी और प्रशासनिक मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। शर्मा ने कहा, स्मार्ट क्लास और डिजिटल लर्निंग आज के समय की आवश्यकता है, हमें बच्चों को तकनीक से जोड़कर उन्हें भविष्य के लिए तैयार करना है। इस प्रेरणादायक अवसर पर बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा एवं संकुल समन्वयक फनेद्र बंजारे की उपस्थिति रहे।




**पिथौरा (ग्रामीण)।** हरिभूमि समाचार पत्र एवं आईएनएच 24×7 न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी शनिवार को पिथौरा प्रवास पर रहे। इस दौरान वे युवा ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष प्रियांशु दीक्षित के निवास पर पहुंचे, जहां उन्होंने परिवारजनों से आत्मीय मुलाकात की। स्वागत के दौरान ब्राह्मण समाज के विप्रजनों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ डॉ. द्विवेदी का पुष्पगुच्छ भेंटकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी रमाशंकर दीक्षित, उमेश दीक्षित, प्रेस क्लब अध्यक्ष रजिंदर खनूजा, जाकिर कुरैशी, विजय गुप्ता, बीजू पटनायक, आर.पी. सिंह, ताराचंद पटेल, ललित मुखर्जी, विजय दीक्षित, शैलेंद्र दीक्षित, विवेक दीक्षित, राकेश दीक्षित, सुरेंद्र दीक्षित, रिंकू दीक्षित, शिव मिश्रा, जयप्रकाश अवस्थी, पारस पटेल, सोनू मिश्रा, मोनू मिश्रा, सुनील अग्रवाल, पंडित कृष्णा शर्मा, पंडित राहुल शर्मा, रमेश नायक, बीरेंद्र साहू, प्रतीक बोस, ओंकारेश्वर सिंह, राजकुमार सिंह, मोहित सिंह, गजेंद्र यादव, छत्रप्रकाश पटेल, सन्नी साहू, जीवराखन साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन और परिवारजन मौजूद रहे।

# योग दिवस पर बच्चों को मिला उपहार, स्कूल में हुआ जूता-मोजा वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शासकीय उच्च प्राथमिक शाला कसहीबाहरा में विद्यार्थियों को जूते-मोजे वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में अध्ययनरत सभी 38 छात्र-छात्राओं को जूते व मोजे वितरित किए गए। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत कसहीबाहरा के सरपंच खेदूराम पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता संस्था प्रमुख हेमंत खुटे ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपसरपंच रेवाराम पटेल और जनपद सदस्य



प्रतिनिधि विष्णु पुन्नी बाई साहू मंचासीन रहे। मुख्य अतिथि खेदूराम पटेल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे अपनी पढ़ाई में मन लगाएं और नियमित रूप से विद्यालय आएं। उन्होंने आश्वस्त किया कि विद्यालय की आवश्यकताओं की पूर्ति ग्राम पंचायत एवं समुदाय के सहयोग से की जाएगी। संस्था प्रमुख हेमंत खुटे ने बताया कि कसहीबाहरा स्कूल रचनात्मक गतिविधियों के कारण विकासखंड ही नहीं, जिला और प्रदेश स्तर पर भी अपनी अलग पहचान बना रहा है। 'चेस इन स्कूल्स' कार्यक्रम के तहत यह स्कूल ऑल इंडिया चेस फेडरेशन से पंजीकृत होकर राष्ट्रीय स्तर पर शतरंज में पहचान बना चुका है। उन्होंने कहा कि विद्यालय को सामुदायिक सहभागिता के जरिए शैक्षणिक गुणवत्ता के साथ सर्वांगीण विकास की दिशा में आगे बढ़ाया जा रहा है। कार्यक्रम में जानकारी दी गई कि विद्यालय परिसर का समतलीकरण कार्य भी शीघ्र ही ग्राम पंचायत एवं स्थानीय लोगों के सहयोग से पूर्ण किया जाएगा। इससे पहले आयोजित शाला गणवेश वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी जाम सिंह दीवान ने गत वर्ष के टॉपर छात्र कुलदीप पटेल को आगामी शाला प्रवेश उत्सव में 500 रुपये नकद इनाम देने की घोषणा की। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षिका तबस्सुम और शिक्षक दिलीप कुमार पटेल आदि उपस्थित थे।



### बंसुला स्कूल में कराया गया योगाभ्यास

**बसना।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को पूरे विश्व में मनाया गया। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला बंसुला में पतंजलि योग समिति के तहसील प्रभारी रमेश अग्रवाल द्वारा अनुलोम विलोम, ताड़ासन, पद्मासन, तितली आसान, मयूरासन, वज्रासन, शवासन आदि अनेक आसनों का अभ्यास कराया तथा उसके लाभ के बारे में बताया। इस अवसर पर प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक प्रवीर कुमार बेहेरा ने योग से होने वाले फायदे के बारे विस्तार से बच्चों को बताया। अंत में आभार प्रदर्शन मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक दिनेश डडसेना द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से बंसुला के सरपंच नवीन साहू, उपसरपंच किशोर प्रधान, समिति के अध्यक्ष चमेली सागर, विद्यालय स्टॉफ से राजेश भोई, राजेश साव, सुजाता प्रधान, मंदाकिनी प्रधान, अनिता साहू, सीता साहू, पुष्पांजलि बगरती सहित पूरे बच्चे उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### देशी शराब जब्त, दो आरोपियों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** देशी शराब का अवैध परिवहन कर रहे आरोपी के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो अज्ञात व्यक्ति एक नीला रंग बिना नंबर प्लेट की टीवीएस जुपिटर में एक प्लास्टिक बोरी के अंदर अवैध रूप से देशी प्लेन शराब भरकर महासमुंद से मचेवा की ओर विक्रय के लिए परिवहन कर रहे हैं। पुलिस ने वल्लभाचार्य कॉलेज के पास मचेवा महासमुंद के पास उक्त वाहन को रोककर पूछताछ की, जिस पर स्कूटी चालक ने अपना नाम माधव स्वीपर पिता मनोज स्वीपर (20 वर्ष) वार्ड नं. 25 स्वीपर कॉलोनी महासमुंद और पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम जागेश्वर साहू पिता खिलावन साहू (36 वर्ष) वार्ड नं 24 कुम्हार पारा बताया। आरोपियों के कब्जे से 60 पौवा देशी प्लेन शराब शोले कीमत 4800 रुपए और वाहन को जब्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### प्रयास स्कूल के लिए विनय का चयन

**अरंड (पिथौरा)।** सरस्वती शिशु मंदिर कौहाकुड़ा के छात्र ग्राम



सरायपाली निवासी विनय कुमार चौहान पिता मनोज कुमार चौहान का चयन प्रयास स्कूल के लिए हुआ है। छात्र के चयन पर परिजनों, स्कूल स्टाफ, ग्रामीणों ने हर्ष जताया है।

### रोहन का चयन प्रयास विद्यालय में

**महासमुंद।** ग्राम रामसागरपारा निवासी रोहन ध्रुव का चयन प्रयास



आवासीय विद्यालय के लिए हुआ है। रोहन, शिक्षक गणेश ध्रुव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तनु ध्रुव के सुपुत्र है। इस वर्ष रोहन ने सरस्वती शिशु मंदिर पटेवा के कक्षा 8वीं में 92.2 प्रतिशत एवं छत्तीसगढ़ में विज्ञान मॉडल में तृतीय स्थान लाकर संस्था का नाम रोशन किया है। प्रयास विद्यालय में चयन होने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं सरस्वती शिशु मंदिर पटेवा के प्रधानाचार्य मया राम ध्रुव, स्टाफ, संचालक नेकेश देवांगन, ग्रामीण इत्यादि ने हर्ष जताया है।

## पहल : पिथौरा में मारवाड़ा युवा मंच ने लगाया रक्तदान शिविर

# 97 यूनिट रक्त एकत्रित, रक्तदाताओं को मिला प्रमाण पत्र और हेलमेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

मारवाड़ी युवा मंच पिथौरा द्वारा स्थानीय अग्रसेन भवन में भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने भगवान अग्रसेन की पूजा-अर्चना कर किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि और समाजसेवी भी मौजूद रहे।

शिविर में कुल 97 लोगों ने रक्तदान किया। मंच द्वारा सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र एवं हेलमेट भेंट कर सम्मानित किया गया। विधायक अग्रवाल ने कहा कि रक्तदान महादान है, यह किसी ज़रूरतमंद की जिंदगी बचा सकता है। हर स्वस्थ नागरिक को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए।



उन्होंने मंच के इस प्रयास की सराहना करते हुए पूर्व अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, वर्तमान अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल एवं उनकी पूरी टीम को बधाई दी। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में पूर्व मंडी अध्यक्ष प्रेमशंकर पटेल, नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश निषाद, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि पुरषोत्तम घृतलहरे, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी, पार्षद मन्नूलाल ठाकुर, नंदू महंती, विधायक प्रतिनिधि विजयराज पटेल, सुमित अग्रवाल सहित कई नागरिकगण उपस्थित थे।

आयोजन समिति में प्रमुख रूप से प्रांतीय संयोजक गौसेवा एवं पशु संरक्षण मनीष अग्रवाल (गौधाम), प्रांतीय उपाध्यक्ष संदीप अग्रवाल, अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, सचिव बजरंग अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अमित गोयल, राष्ट्रीय सभा सदस्य शशांक अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, बबलू, साकेत अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, आयुष सिंघल, अंकित बंसल, आशीष अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, रवि अग्रवाल, अमन अग्रवाल, पवन अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, कन्हैया अग्रवाल, श्रेयांश गोयल, अनमोल अग्रवाल, तुषार बंसल आदि सक्रिय रूप से मौजूद रहे।

# बालक वर्ग में हर्ष शर्मा व बालिका वर्ग में देवांगी साहू बनीं विजेता

## बागबाहरा में हुई जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला स्तरीय अंडर 19 बैडमिंटन चयन प्रतियोगिता का आयोजन जिला खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद मनोज धृतलहरे के निर्देशन पर जिला बैडमिंटन संघ महासमुंद द्वारा 21 से 22 जून 2025 तक बैडमिंटन हॉल बागबाहरा में आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में पिथौरा, बसना, सरायपाली, बागबाहरा एवं महासमुंद के 25 खिलाड़ियों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता नॉकआउट पद्धति से खेली गई जिसमें बालक वर्ग में पूल ए से महासमुंद के तन्मय साहू एवं बागबाहरा के प्रियदर्शन चिंदा सेमीफाइनल में पहुंचे वही पूल बी से महासमुंद के हर्ष शर्मा एवं महासमुंद के ही अरिन चंद्राकर सेमीफाइनल पहुंचे। प्रथम सेमीफाइनल में प्रियदर्शन ने तन्मय साहू को 21-13, 21-10 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं दूसरी तरफ दूसरे सेमीफाइनल में हर्ष शर्मा ने अरिन चंद्राकर को 21-8, 21-12 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच काफी रोमांचक एवं संघर्षपूर्ण रहा, जिसमें हर्ष शर्मा ने प्रियदर्शन को 21-17, 13-21, 21-16 से हराकर महासमुंद डिस्ट्रिक्ट चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। वहीं बालिका वर्ग के फाइनल मुकाबले में बागबाहरा की देवांगी साहू ने महासमुंद की प्रियांशी साहू को 21-11, 21-9 से हराकर डिस्ट्रिक्ट चैंपियन बनी।

# डीएपी की सप्लाई ही नहीं हो रही तो खुले बाजार में कैसे मिल रहा: विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के

- समितियों तक ना पहुँचाकर खुले बाजार में बेचा जा रहा

पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश में कथित डबल इंजन की सरकार किसानों के लिए बड़ी परेशानी का सबब बन गया है। पूरे प्रदेश में किसानों को भाजपा निर्मित कृत्रिम खाद संकट का सामना करना पड़ रहा है। सहकारी समितियों को डीएपी खाद की सप्लाई ना कर सरकार द्वारा खुले बाजार में अधिक दाम पर बेचने उपलब्ध करा दिया गया है। सरकार के दोहरे चरित्र के चलते उनके किसान विरोधी चेहरा उजागर हो गया है। डीएपी संकट को लेकर आए दिन प्रशासनिक अमले यह कह रहे हैं, कि केंद्र द्वारा प्रदेश को डीएपी की सप्लाई नहीं होने के कारण यह संकट उत्पन्न हुई है। यदि ऐसा है तो निजी दुकानों में डीएपी का स्टाक कहां से किया जा रहा है। यदि केंद्र से प्रदेश में डीएपी ही नहीं आता तो खुले बाजार में भी डीएपी संकट की स्थिति दिखाई देती। लेकिन, प्रदेश में केवल शासकीय दुकानों में ही किसानों को डीएपी उपलब्ध नहीं कराया जा रहा, जबकि खुले बाजार में भारी मात्रा में डीएपी उपलब्ध है। जिसे किसानों की विवशता का लाभ उठाकर ऊँचे दरों पर बेचा जा रहा है। चंद्राकर ने कहा कि शासन-प्रशासन केंद्र से पूरे प्रदेशभर में डीएपी खाद की सप्लाई



नहीं होने की जानकारी दे रहा, ऐसे में बड़ा सवाल यह उठता है कि जब जिला सहित पूरे प्रदेश में केंद्र से डीएपी खाद की सप्लाई नहीं होने की बात कही जा रही है, तो निजी दुकान संचालकों के पास कहां से उपलब्ध हो रहा है। इसके अलावा जिला प्रशासन व कृषि विभाग द्वारा किसानों को डीएपी खाद के विकल्प के रूप में अन्य खाद को थमाया जा रहा है। चंद्राकर ने कहा कि सोसायटी में नहीं मिलने वाले डीएपी खाद कृषि केंद्रों में महंगे दाम पर बिक रही है। कई दुकानों में किसानों को लादन थमाया जा रहा है। सोसाइटियों में डीएपी के विकल्प के रूप में एनपीके खाद उपलब्ध है, लेकिन यह खाद डीएपी की तुलना में काफी महंगी है। सवाल यह उठता है कि जब सहकारी समितियों में डीएपी खाद नहीं पहुँच रही तो निजी कृषि केंद्रों में डीएपी का भरपूर स्टाक कैसे पहुंच रहा है। समितियों में डीएपी का मूल्य 1350 रुपए निर्धारित है। यह खाद कृषि केंद्रों में 1700 से 1800 रूपए तक बिक रही है। इसके अलावा डीएपी लेने वाले किसानों को लादन थमाया जा रहा है। लादन नहीं लेने पर उन्हें डीएपी भी नहीं दिया जा रहा। चंद्राकर ने कहा कि खाद की कालाबाजारी कर किसानों को परेशान करने काम भाजपा की साय सरकार कर रही है। कमीशन का खेल प्रदेश भर में चल रहा है। शुरूआती दौर में धान के पौधों को बढ़ने और मजबूती के लिए नाइट्रोजन और फास्फोरस की जरूरत होती है। डीएपी में 18 प्रतिशत नाइट्रोजन और 46 प्रतिशत फास्फोरस होता है। इस कारण किसान इस खाद को प्राथमिकता देते हैं। इसके विपरीत एनपीके में नाइट्रोजन और फास्फोरस की मात्रा कम होती है। उपर से दाम भी डीएपी की तुलना में अधिक होती है। डीएपी नहीं मिलने से किसान खुले बाजार में अतिरिक्त राशि देकर डीएपी खरीद रहे हैं।

# योग के शारीरिक, मानसिक और आत्मिक लाभ बताए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

पीएमश्री सेजेस बसना में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर एक दिव्य और भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं समस्त विद्यालय परिवार ने पूर्ण उत्साह और श्रद्धा के साथ सहभागिता की। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह के समय शांति मंत्रों के उच्चारण से हुई। पश्चात पतंजलि योग पीठ, हरिद्वार से प्रशिक्षित योगाचार्य वृंदावन पटेल ने विद्यार्थियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम और स्वास्थ्यवर्धक क्रियाएं करवाईं। उन्होंने योग के शारीरिक, मानसिक और आत्मिक लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला, जिससे सभी प्रतिभागियों को योग की वैज्ञानिकता और महत्ता की गहराई से जानकारी प्राप्त हुई। कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान करते हुए ब्रह्मकुमारी दीदी ने ध्यान और



आध्यात्मिक उन्नति से जुड़े विषयों पर प्रेरणादायक वक्तव्य दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को तनावमुक्त जीवन, सकारात्मक सोच और आत्म-अनुशासन जैसे विषयों पर सरल और प्रभावशाली तरीके से मार्गदर्शन प्रदान किया। उनके द्वारा कराए गए ध्यान अभ्यास से वातावरण पूरी तरह शांति और ऊर्जा से भर गया। विद्यालय के प्राचार्य केके पुरोहित ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में योग को जीवन का अभिन्न अंग बताते हुए कहा कि आज की पीढ़ी को शारीरिक और मानसिक संतुलन के लिए योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा अतिथियों का हृदय से आभार प्रकट किया।



### रोहिना स्कूल में मना योग दिवस

**सरायपाली (ग्रामीण)।** शासकीय हाईस्कूल रोहिना में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य थीम पर आधारित योग संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्रा, शिक्षक तथा नागरिकों ने भाग लिया। व्याख्याता एवं प्रभारी प्राचार्य कमलेश साहू ने योग दिवस के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए छात्रों को स्काउट के संस्थापक बेडेन पावेल के 6 व्यायाम को कर के बताया गया। केके साहू ने योग संगम की आवश्यकता महत्ता पर प्रकाश डाला। शिक्षक एके पटेल ने बच्चों को जागरण से लेकर सयन तक की जानकारी दी। खान-पान पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। एसके पटेल एवं ज्योति वर्मा ने विभिन्न आसनों की जानकारी देती है, उसके फायदे बताएं। प्रधान पाठक बोधन पटेल ने प्रतिदिन योगाभ्यास करने के लिए बच्चों को संकल्प दिलाया। कार्यक्रम के पश्चात मिडिल स्कूल के छात्रों को गणवेश का वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक एलके पटेल, सहायक शिक्षक कैलाश कमार, लीला पटेल एवं नवीन बेहरा सहित समस्त छात्रों का विशेष योगदान रहा।



### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रतिभा पब्लिक स्कूल में हुआ योगाभ्यास

**सरायपाली।** राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में स्थानीय प्रतिभा पब्लिक स्कूल बालसी में भी योग दिवस कार्यक्रम उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया। खेल शिक्षक संजय कर एवं सनमय सवाई के नेतृत्व में प्राचार्य नरहरि पटनायक एवं उप-प्राचार्य नासिर खान के साथ उपस्थित नवमी से बारहवीं तक सभी विद्यार्थियों ने शाला परिसर में योग क्रिया संपादित किए। कार्यक्रम का आरंभ वृक्षासन, ताड़ासन, वज्रासन, ग्रीवा संचालन द्वारा किया गया। तत्पश्चात अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भ्रामरी प्राणायाम करवारकर ध्यान क्रिया कराई गई और शांति पाठ द्वारा कार्यक्रम की समाप्ति की गई। प्राचार्य नरहरि पटनायक ने अपने उद्बोधन में भारतीय योग के महत्व के विषय में कहा कि आज संपूर्ण विश्व में अपनी पहचान बनाया है, जाति धर्म से परे व्यक्ति विशेष को स्वस्थ, सुंदर एवं संयमी बनाता है। ऐसे में अधिक से अधिक व्यक्ति अपने जीवन में योग क्रिया को अपनाकर समाज एवं देश के उत्थान में सहायक बने।



### केजी कॉन्वेंट के विद्यार्थियों ने लिया योग करने का संकल्प

**सरायपाली।** स्थानीय केजी कॉन्वेंट स्कूल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन मानवता के लिए योग थीम पर बड़े उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न योगासनों का अभ्यास कर योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन संजय सतपथी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि योग जीवन जीने की कला है और इसका नियमित अभ्यास हमें शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखता है। मैनेजिंग डायरेक्टर ने योग को निरोग रहने का सहज माध्यम बताया और इसे हर व्यक्ति की दिनचर्या में शामिल करने की अपील की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान प्राचार्य, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं ने मिलकर योगाभ्यास किया गया।

# एबीपीवी का खल्लारी में त्रिदिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के सामाजिक सरोकार प्रकल्प एईडी सेवार्थ विद्यार्थी के तत्वावधान में जिला महासमुंद द्वारा 21 से 23 जून 2025 तक आयोजित त्रिदिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का शुभारंभ खल्लारी माता मंदिर के पावन प्रांगण में सायं 5 बजे भव्य रूप से हुआ। यह शिविर युवाओं को सेवा, संस्कार, सामाजिक चेतना एवं राष्ट्रीय विचारधारा से जोड़ने हेतु एक सशक्त मंच प्रदान कर रहा है। शिविर का उद्‌घाटन कार्यक्रम गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें जिले के विशिष्ट अतिथियों की प्रेरणादायी उपस्थिति रही। जिसका मंच संचालन कुबेर यदु द्वारा किया गया। उद्‌घाटन सत्र के प्रमुख अतिथि रूपेश कुमार साहू (प्रेम), अध्यक्षता लोकेश पनारिया समाज सेवी, सुजीत साहू समाज सेवी, ताराचंद देवांगन समाज सेवी, द्रोण पटेल शाला विप्र समिति अध्यक्ष बीकेबाहरा, रमन वैष्णव शाला विप्र समिति अध्यक्ष ख़ल्लारी, भीसेक पांडेय विभाग संयोजक अभाविप,




ललित साहू जिला संयोजक अभाविप रहे। अतिथियों ने युवाओं को सेवा और संवेदना से ओत-प्रोत राष्ट्रनिर्माण की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि आज का छात्र केवल डिग्री प्राप्त करने तक सीमित नहीं है, बल्कि उसे समाज की दिशा और दशा को सुधारने वाला कर्तव्यनिष्ठ कार्यकर्ता बनना चाहिए। यह त्रिदिवसीय शिविर न केवल बौद्धिक बल्कि व्यावहारिक विकास पर भी केंद्रित है। पहले दिन का शुभारंभ ज्ञान की देवी मां सरस्वती एवं युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया। अतिथियों ने बताया कि ग्रीष्मकालीन शिविर सिर्फ समर कैंप नहीं अपितु व्यक्तित्व विकास के साधन है। सेवार्थ विद्यार्थी का उद्देश्य केवल सेवा करना नहीं, बल्कि सेवा के माध्यम से विद्यार्थियों में नेतृत्व, कर्तव्यबोध, और सामाजिक दृष्टि का विकास करना है। यह शिविर एक प्रशिक्षण है – सेवा का, समर्पण का और सामाजिक अनुभूति का। लोकेश पनारिया ने बताया कि नया भारत जो आज हम देख रहे है इसका श्रेय अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद को जाता है। सुजीत साहू ने बताया कि विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता हर क्षेत्र आज आगे है। विभाग संयोजक ने बताया कि मैं स्वयं को बहुत सौभाग्य साली मानता हूं कि मैं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का कार्यकर्ता हूं। विद्यार्थी परिषद समस्या से समाधान का काम करती है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महासमुंद के विभाग संगठन मंत्री शिवशंकर प्रजापति, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भीखम ध्रुव, लवेश साहू एवं महासमुंद जिले के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रयोग समाज सेवी संस्था का एक दिवसीय इंटरफेस डायलॉग कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रयोग समाज सेवी संस्था तिल्दा द्वारा एक दिवसीय इंटरफेस डायलॉग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रयोग समाज सेवी संस्था के जिला समन्वयक सुमन साहू द्वारा प्रयोग संस्था तथा एकता परिषद द्वारा किए जाने वाले कार्यों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित महिला एवं बाल विकास विभाग से सुपरवाइजर मनिका ठाकुर द्वारा कुपोषण से बच्चे को कैसे बचाया जा सकता है, मां का दूध पिलाना चाहिए, की जानकारी दी। बच्चों को रेडी टू ईट खिलाना चाहिए, इससे एनीमिया तथा अन्य रोगों से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि पलायन करने वाले परिवार जिस जगह पे पलायन करते है, वहां भी यह रेडी टू ईट दिया जाता है। ताकि, बच्चे कुपोषित न हो। साथ ही अन्य योजनाएं जैसे मातृत्व वंदना, महतारी वंदना, नोनी सुरक्षा, वात्सल्य योजना, सुकन्या समृद्धि इत्यादि योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही बाल विवाह अधिनियम 2006 से संबंधित जानकारी दी गई। याद राम साहू (तहसील प्रमुख जैविक खेती) द्वारा जैविक खेती संबंधित जानकारी दी गई। वे स्वयं जैविक खेती कर रहे, घर में ही गोबर तथा गौ मूत्र से खाद तैयार कर छिड़काव करते है, कीटनाशक दवा भी तैयार करते है। बाल किशोर उत्थान समिति खैरटकला जिला समन्वयक गोपाल राम साहू ने बताया गया की बालकिशोर समिति में 0 से 14 वर्ष के बच्चों का खाता खोला जाता है और अल्पबचत किया जाता है। ताकि, यह अल्प बचत बच्चों के स्वास्थ्य तथा शिक्षा में काम आ सके। ग्राम पंचायत बाघामुड़ा के सरपंच एडिशन विजय ठाकुर ने कहा कि एकता परिषद तथा प्रयोग संगठात्मक संस्था है, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कार्य करती है। साथ ही यह संस्था जल जंगल जमीन पर भी काम कर रही।




संस्था को काफी सालों से हमारा गांव जान रहा एकता परिषद द्वारा हमारे गांवों में तालाब निर्माण तथा अनाज वितरण का कार्य किया गया है। एकता परिषद एक जन संगठात्मक संस्था है,

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रयोग समाज सेवी संस्था के कार्यक्रम में मुझे लगातार शामिल होने का मौका मिल रहा, यह संस्था पलायन श्रमिकों, सरकारी योजनाओं तथा बेरोजगार के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण पर कार्य कर रही। ताकि, युवाओं को रोजगार मिल सके। उन्होंने कहा कि शिक्षा की कमी के कारण लोगों सरकारी योजनाओं का लाभ नही ले पाते। उन्होंने अपने बच्चों की शिक्षा पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि लोगों को पलायन से बचना चाहिए, पलायन क्षेत्र में कुछ लोग बंधक बना दिए जाते है, उनके साथ दुर्व्यवहार किया जाता है। साथ ही एक पेड़ मां के नाम लगाने, जैविक खेती करने की सलाह दी गई। पश्चात प्रयोग समाज सेवी संस्था द्वारा जैविक खेती प्रशिक्षण लिए किसानों को जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर के हाथों से प्रमाण पत्र वितरण किया गया। प्रयोग समाज सेवी संस्था की ओर से जिला समन्वयक सुमन साहू द्वारा सभी का धन्यवाद करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, सरपंच एडिशन विजय ठाकुर, उपसरपंच रोशनी ध्रुव, सचिव जवाहर लाल पटेल, महिला एवं बाल विकास विभाग मनिका ठाकुर, समारू जांगड़े, योगिता ढीढी, त्रिवेणी साहू, प्रियंका ठाकुर, पूर्णिमा ठाकुर, दिलीप कुमार गिलहरे, पंचगण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, बिना साहू, द्रोपति ढीढी, याद राम साहू, परमानंद चंद्राकर, ठाकुर राम चंद्राकर, गोपाल राम साहू, जय ठाकुर, गायत्री साहू, सीमा चंद्राकर, रमला निराला, केसर बाई ठाकुर, देवसरण ठाकुर, भीखू राम देवांगन आदि मौजूद रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com




25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, मॉं मनोकामना देवी, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशिः-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411